# Fake Currency News: जबलपुर में नकली नोटों के गिरोह का हुआ भंडाफोड़, 2 लाख 94 हजार रुपये के साथ तस्कर को पुलिस ने ऐसे दबोचा



**Fake Currency News:** मध्य प्रदेश (Madhya Pradesh) के जबलपुर (Jabalpur) के हनुमानताल थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 500-500 रुपये के कुल 2 लाख 94 हजार रुपये के नकली नोटों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. जब्त किए गए नोटों में कई नोट एक ही सीरियल नंबर के हैं. उनमें गांधी जी का वाटरमार्क भी नहीं था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि नोट जाली है.

हनुमानताल थाना के प्रभारी धीरज राज ने NDTV को  बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भारी मात्रा में नकली नोट लेकर मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान के पास किसी को देने के लिए आने वाला है. सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी, जहां मुखबिर की ओर से बताए गए हुलिए का एक व्यक्ति स्कूल बैग लेकर खड़ा मिला.

Source: https://mpcg.ndtv.in/madhya-pradesh-news/mp-police-arrested-a-smuggler-of-fake-currency-in-jabalpur-8685522